हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 28 अक्टूबर 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

06 पटवारी ने शराब कांड के जिम्मेदार लोगों पर हत्या का प्रकरण दर्ज ...



07 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को समयबद्ध पारदर्शी व त्रुटिरहित...



खबर संक्षेप

धारासिंह राजपूत बने भाजपा सोशल मीडिया के जिला संयोजक

नलखेड़ा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल व



सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी के निर्देशानुसार संभाग प्रभारी लता वानखेड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, जिला प्रभारी जयदीप पटेल तथा सोशल मीडिया संभाग प्रभारी आशुतोष राठौर की सहमति से नलखेड़ा तहसील के मंडल धरोला के अंतर्गत ग्राम सेमलखेड़ी निवासी धारासिंह राजपूत को भाजपा सोशल मीडिया जिला आगर मालवा का जिला संयोजक मनोनीत किया गया है। इसी के साथ चार जिला सह संयोजक की नियुक्ति भी की गई है। श्री राजपूत की इस नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं तथा इष्ट मित्रों द्वारा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

कलेक्टर ने 61 आवेदकों की सुनी समस्याएं



नलखेड़ा। राजस्व विभाग के मैदानी अमले द्वारा विधिवत मौके पर जाकर उभयपक्षों के समक्ष भूमि का सीमांकन करने के बाद भी सीमा चिन्ह हटाकर सीमांकन आदेश का पालन नहीं करने वालें व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। यह निर्देश कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में ग्राम आक्या तहसील बड़ौद निवासी गोकुल बागरी के आवेदन पर सुनवाई करते हुए नायब तहसीलदार झोंटा को दिये है। उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त आवेदक की समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें।

सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी का भी किया स्वागत

स्वर्णकार समाज ने धूमधाम से मनाई महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती

भव्य शोभायात्रा निकाली, प्रतिभाओं और वरिष्ठजनों का किया सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर मेड़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, नलखेड़ा द्वारा समाज के आराध्य एवं पितृ पुरुष महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक आयोजन के साथ प्रतिभाओं को सम्मानित करने, वरिष्ठजनों का अभिनंदन करने तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

सोमवार को जयंती के अवसर पर शोभायात्रा का शुभारंभ स्वर्णकार धर्मशाला से हुआ। ढोल-बैंड-बाजों की गूंज के बीच निकले चल समारोह में महाराजा अजमीढ़ जी महाराज की प्रतिमा आकर्षक रथ पर विराजित थी। समाज की बालिकाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शोभायात्रा शिवाजी चौराहे तक पहुंची तथा वहां से पुनः स्वर्णकार धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान समाजजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं एवं बालिकाओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम में मेड़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजमल सोनी एवं प्रदेश सचिव देवीलाल सोनी सहित आगर मालवा, कानड़, सुसनेर, सोयत, डोंगरगांव, दुपाड़ा तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से समाजजन शामिल हुए। बाहर से पधारे अतिथियों का स्वर्णकार धर्मशाला में उपर्णा पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया।

महिला मंडल की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार



जयंती समारोह में स्वर्णकार समाज महिला मंडल द्वारा वर्षभर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों एवं महिला प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने पुरस्कार वितरित कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और सामाजिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज, नलखेड़ा महिला मंडल की अध्यक्ष लीना रितेश सोनी तथा जिला आगर मालवा महिला मंडल की जिला अध्यक्ष नीता अनिल सोनी की सहभागिता रही। नगर पंचायत अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी सहित महिला मंडल की अन्य पदाधिकारी एवं समाज की महिलाएं भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। महिला मंडल की गतिविधियों एवं आयोजन में सोनू दीपक सोनी, ज्योति ऋतुराज सोनी, दीपिका दीपक सोनी, छोटू सलोनी सोनी, रजनी चेतन सोनी, गरिमा वेदप्रकाश सोनी, वसुंधरा निलपेश सोनी, कविता संदीप सोनी तथा संध्या मुकेश सोनी सहित समाज की अन्य महिलाओं ने सहभागिता की। महिला मंडल की सक्रियता और सहयोग से कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा।

वरिष्ठ महिला-पुरुषों का सम्मान

नलखेड़ा स्वर्णकार समाज द्वारा समाज के वृद्ध महिला एवं पुरुषों का भी सम्मान किया गया। वरिष्ठजनों के प्रति आदर और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके अनुभव, मार्गदर्शन और समाज के प्रति योगदान के महत्व को रेखांकित किया गया। इस पहल ने नई पीढ़ी को अपने वरिष्ठजनों का सम्मान करने तथा सामाजिक संस्कारों को बनाए रखने की प्रेरणा दी।

सुसनेर नगर परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रदीप सोनी का स्वागत

समारोह के अवसर पर स्वर्णकार समाज, नलखेड़ा द्वारा सुसनेर नगर परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रदीप बद्रीलाल सोनी का विशेष स्वागत एवं सम्मान किया गया। हाल ही में संपन्न चुनाव में पूर्ण बहुमत से नगर परिषद अध्यक्ष निर्वाचित होने पर समाजजनों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नलखेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी भी उपस्थित रहे। समाजजनों ने प्रदीप सोनी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम में स्वर्णकार समाज, नलखेड़ा के अध्यक्ष कृष्णदास सोनी (नाना भैया) एवं युवा जिला अध्यक्ष ऋतुराज सोनी की उपस्थिति रही। समाज के वरिष्ठ एवं मार्गदर्शक हीरालाल सोनी, राधेश्याम सोनी, वासुदेव सोनी, बाबूलाल सोनी तथा मदनलाल सोनी सहित वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आयोजन में सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सोनी, दिलीप सोनी (गबरू), चिंतामण सोनी, मनीष सोनी, दीपक सोनी तथा अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। समाजजनों के सामूहिक प्रयासों से जयंती समारोह उत्साहपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

महाराजा अजमीढ़ जी का पूजन-अर्चन और सामूहिक आरती

शोभायात्रा के समापन के पश्चात स्वर्णकार धर्मशाला में समाजजनों द्वारा महाराजा अजमीढ़ जी के चित्र पर विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद उपस्थित समस्त समाजजनों ने सामूहिक रूप से अजमीढ़ जी महाराज की आरती की तथा समाज की सुख-समृद्धि, उन्नति और एकता की कामना की। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। पूजन-अर्चन एवं सामूहिक आरती के पश्चात संपूर्ण स्वर्णकार समाज के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सामूहिक भोज ने आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता की भावना को और मजबूत किया। समाज के अनिल सोनी ने बताया कि महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती पर आयोजित इस समारोह में धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता, प्रतिभाओं के सम्मान तथा वरिष्ठजनों के प्रति आदर का सुंदर संगम देखने को मिला। समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिला मंडल एवं समस्त समाजजनों के सहयोग से कार्यक्रम उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

सिंहस्थ पूर्व बनेगा भव्य देवी लोक

नलखेड़ा का मां बगलामुखी मंदिर नये स्वरूप में होगा विकसित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विश्व प्रसिद्ध माँ बगलामुखी मंदिर की नगरी नलखेड़ा में माँ बगलामुखी देवी लोक परियोजना के प्रथम चरण का भूमि-पूजन प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव द्वारा सोमवार को किया गया। शासन द्वारा स्वीकृत इस परियोजना के प्रथम चरण में लगभग 85.40 करोड़ रुपये की लागत से भव्य निर्माण एवं विकास कार्य किए जाने हैं। संपूर्ण देवी लोक 55 एकड़ में विकसित होगा। इसके अंतर्गत मुख्य मंदिर का निर्माण 2,800 वर्गमीटर क्षेत्र में होगा। इस निर्माण कार्य में मंदिर कॉरिडोर के भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण भी होगा।सिंहस्थ पूर्व इस भव्य देवी लोक का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी की नगरी में प्रस्तावित देवी लोक का निर्माण लगभग 55 एकड़ क्षेत्र में किया जाएगा। परियोजना के प्रथम चरण में मुख्य मंदिर, मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं की सुविधाओं और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का विकास किया जाएगा।

108 फीट ऊंचा होगा मुख्य मंदिर का शिखर–योजना के अनुसार मुख्य मंदिर का शिखर 108 फीट ऊँचा होगा। लगभग 2,800 वर्गमीटर क्षेत्र में मुख्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। इसमें गर्भगृह, ऊपरी संरचना और पत्थर की क्लैडिंग सहित विभिन्न कार्य सम्मिलित होंगे। श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए मंदिर कॉरिडोर एवं प्रांगण भी विकसित किया जाएगा।

खास बातें

- 220 हवन कुंड की यज्ञशाला :– धार्मिक अनुष्ठानों एवं वैदिक यज्ञों के लिए विशाल यज्ञशाला।
- गौशाला : 625 वर्गमीटर क्षेत्र में निर्माण प्रस्तावित।
- चार भव्य प्रवेश द्वार : 18 मीटर, 12 मीटर एवं 9 मीटर चौड़े श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा के लिए।
- पार्किंग व्यवस्था : चारपहिया वाहनों एवं बसों के लिए।
- अन्य सुविधाएं : शौचालय ब्लॉक, 55 एकड़ परिसर की बाउंड्री वॉल, विद्युत व्यवस्था, फसाड लाइटिंग, अग्निशमन, प्लंबिंग, लैंडस्केपिंग एवं हरित क्षेत्रों का विकास, प्रसाद शॉप जोन के साथ शू स्टैंड, हैंड वॉश एवं मोबाइल डिपॉजिट जोन, पब्लिक अमेनिटीज के तहत टॉयलेट ब्लॉक एवं पार्किंग टॉयलेट ब्लॉक, घाट डेवलपमेंट, ड्राइव-वे/रोड निर्माण, साइट लेवलिंग, फिलिंग एवं कम्पैक्शन, विभिन्न प्रकार की बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है।

धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

उल्लेखनीय है कि त्रिशक्ति माँ बगलामुखी का यह मंदिर लखुंदर नदी के किनारे स्थित है तथा दस महाविद्याओं में से एक है। देवी लोक के निर्माण से नलखेड़ा में धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी तथा देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सर्वसुविधायुक्त दर्शन व्यवस्था प्राप्त हो सकेगी।



भक्तिमय बना माहौल

ढोल-नगाड़ों के बीच निकला अजमीढ़ जी का चल समारोह

कानड़। बैंड-बाजे की गूंज, ढोल की थाप और जय महाराजा अजमीढ़ जी के जयकारों से मंगलवार को नगर का माहौल हो गया। अवसर था स्वर्णकार सोनी समाज के आराध्य देव महाराजा श्री अजमीढ़ जी के जन्मोत्सव का। समाज द्वारा श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ जन्मोत्सव मनाते हुए भव्य चल समारोह निकाला गया। सुसज्जित बग्गी में विराजित महाराजा अजमीढ़ जी के चित्र के दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया गया।चल समारोह का शुभारंभ माता मंदिर से हुआ। बैंड-बाजे और ढोल की थाप के साथ निकला समारोह नगर के प्रमुख चौराहों और मार्गों से होते हुए सारंगपुर रोड स्थित सोनी मैरिज गार्डन पहुंचा। मार्ग में विभिन्न संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। समाजबंधुओं ने महाराजा अजमीढ़ जी के जयकारे लगाते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामाजिक एकता व एकजुटता का परिचय दिया।

समाजजन बड़ी संख्या में हुए शामिल

जन्मोत्सव के आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा। सोनी मैरिज गार्डन पहुंचने पर समाजजनों ने आराध्य देव महाराजा श्री अजमीढ़ जी की महाआरती की। इसके पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ और कार्यक्रम का समापन किया गया। चल समारोह के दौरान थाना प्रभारी राजकुमार दांगी पुलिस बल के साथ तैनात रहे। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए समारोह को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में भूमिका निभाई।



चातुर्मास बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा



श्री दादा गुरुदेव इकतीसा जाप के नौ दिवसीय आयोजन के पूर्ण होने पर पूजन और चौबिसी का हुआ आयोजन, चातुर्मास के दौरान हो रही विभिन्न धार्मिक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मालवा की पावन वसुंधरा नीमच में स्थित विकास नगर के पवित्र प्रांगण में नौ दिवसीय संकट मोचन प्रगट प्रभावी श्री दादा गुरुदेव इकतीसा जाप का धार्मिक आयोजन 17 से 25 अक्टूबर तक लाभार्थी चौरड़िया परिवार के द्वारा आयोजित किया जा रहा था। जाप पूर्ण होने पर दादा गुरुदेव पूजन तथा तप अनुमोदनार्थ भक्ति व सांझी चौबिसी का कार्यक्रम सोमवार को हुआ। श्री महावीर जिनालय विकास नगर में इस वर्ष परम पूज्य विचक्षण ज्योति मालव मणि प्रवर्तिनी महोदया चंद्रप्रभा श्रीजी महाराज साहब का सुशिष्या रत्न निधि श्रीजी, पुण्य निधि श्रीजी आदि ठाणा -5 का चातुर्मास बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो रहा है। साध्वी मंडल द्वारा श्री संघ में विभिन्न धर्म आराधना के साथ तपस्याए तथा विभिन्न धार्मिक





गतिविधियां करवाई जा रही है। साध्वी मंडल की पावन प्रेरणा व निश्रा में मंदिर के समीप स्थित आराधना भवन में दादा गुरुदेव प्रतिमा के समक्ष दादा गुरुदेव इकतीसा जाप 17 अक्टूबर से चल रहा था। जिसमें समाजजनों द्वारा प्रतिदिन रात्रि में सामूहिक इकतीसा पाठ किया जा रहा था। इस आयोजन के लाभार्थी विमल कुमारजी लीलाबाई चौरड़िया के सुपुत्र कमलकुमारजी ज्योतिकाजी, पौत्र डॉक्टर रिद्धि वर्धन-डॉक्टर तुषिता, डॉक्टर सिद्धि वर्धन-सौ.वाणी एवं समस्त चौरड़िया परिवार नीमच था। 26 अक्टूबर को इकतीसा जाप संपन्न समारोह प्रसंग पर दादा गुरुदेव पूजन प्रातः 9:00 बजे से तत्पश्चात साधार्मिक वात्सल्य का कार्यक्रम रखा गया था। इसी के साथ तप अनुमोदनार्थ परमात्मा भक्ति तथा चौबिसी का कार्यक्रम श्री चंद जी, मुकुंद चंद जी, गगन कुमार, संदीप कुमार बोथरा परिवार चेन्नई की ओर से रखा गया था।

आचार्य डॉ. आयुष आर्य ने माता-पिता की सेवा को बताया सबसे बड़ा धर्म

सामवेद पारायण महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन

स्व. शिव सिंह आर्य की द्वितीय पुण्यतिथि पर तीन दिवसीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

आर्य समाज के पूर्व प्रचारक एवं समाजसेवी स्व. शिव सिंह आर्य की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर आर्य निवास में आयोजित तीन दिवसीय सामवेद पारायण महायज्ञ का रविवार को पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। नर्मदापुरम स्थित आर्ष गुरुकुल से आए आचार्य डॉ. आयुष आर्य एवं ब्रह्मचारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया।आयोजन में कानड़ सहित आगर, मोहन बड़ोदिया, करजू, सुसनेर, बड़ौद आदि क्षेत्रों से आर्य समाज के लोग शामिल हुए।महायज्ञ के तीनों दिन सुबह और शाम गाय के घी एवं हवन सामग्री से वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां दी गईं। यज्ञ में कुल 1875





मंत्रों के माध्यम से आहुतियां समर्पित की गईं। वैदिक परंपरा के अनुरूप आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

भजन संध्या में देर रात तक बही भक्ति की सरिता

आयोजन के तहत शनिवार रात भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें हरिओम सरल, काशीराम आर्य, दिलीप आर्य, सत्यनारायण मालवीय, दिनेश बैरागी सहित अन्य भजन गायकों ने सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों के माध्यम से वैदिक विचारों और ईश्वर भक्ति का संदेश दिया गया। भजन संध्या देर रात तक चलती रही, जिसमें उपस्थित लोगों ने भक्ति संगीत का आनंद लिया।

माता-पिता की सेवा ही सच्चे धर्म का आधार

समापन अवसर पर आर्ष गुरुकुल नर्मदापुरम से आए आचार्य डॉ. आयुष आर्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का मनुष्य धन-दौलत और भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में इतना उलझ गया है कि अपने घर में मौजूद माता-पिता के महत्व को भी भूलता जा रहा है। जबकि माता-पिता परिवार के सबसे बड़े आधार हैं और उनकी सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है।उन्होंने कहा कि लोग सुख-शांति की कामना लेकर मंदिरों में जाते हैं और देवी-देवताओं की आराधना करते हैं, लेकिन अपने घर में माता-पिता की सेवा और सम्मान करना भी उतना ही आवश्यक है। परिवार में माता-पिता का आशीर्वाद, आपसी प्रेम और सम्मान हो तो घर में सुख-शांति का वातावरण बनता है। उन्होंने लोगों से वैदिक संस्कृति के मूल्यों को अपनाने, माता-पिता का सम्मान करने और अपने जीवन में सदाचार को स्थान देने का आह्वान किया। तीन दिवसीय आयोजन का समापन वैदिक मंत्रोच्चार, पूर्णाहुति और विश्व कल्याण की कामना के साथ हुआ।

खबर संक्षेप

45 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण होगा शुरू

देवास। शासन-प्रशासन की मंशा को साकार करने और ग्रामीण क्षेत्र की मातृशक्ति को कौशल विकास से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की जा रही है। मातृशक्ति महिला एवं बाल विकास प्रशिक्षण केंद्र एवं कार्यशाला, देवास के अंतर्गत आयुषी सिलाई एवं बुटीक ट्रेनिंग सेंटर द्वारा दीपावली के उपलक्ष्य में 45 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 11 नवंबर से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण में महिलाओं को सभी प्रकार की सिलाई, कढ़ाई, फैशन डिजाइनिंग एवं ब्यूटी पार्लर का संपूर्ण प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जाएगा।घर बैठे मिलेगा रोजगारसंस्था की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि प्रशिक्षण के बाद जो महिलाएं घर पर ही रहकर कार्य करना चाहती हैं, उन्हें संस्था द्वारा रेडीमेड सिलाई एवं बुटीक का कार्य उपलब्ध कराया जाएगा। इससे ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और वे घर बैठे ही अच्छी आमदनी अर्जित कर अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर और मजबूत बना सकेंगी। यह प्रशिक्षण देवास जिले के अलग-अलग विकासखंडों में आयोजित किया जाएगा। वर्तमान चरण में देवास विकासखंड के लोहान गांव एवं टोंकखुर्द विकासखंड के कलमा गांव में प्रशिक्षण केंद्र बनाए गए हैं। इससे महिलाओं को लाभ लिेगा।

जहरीली शराब कांड पर कांग्रेस का घेराव, पटवारी ने दी पैदल यात्रा की चेतावनी

पटवारी ने शराब कांड के जिम्मेदार लोगों पर हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की

कांग्रेस ने प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



चंदाना में जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले को लेकर मंगलवार को कांग्रेस ने प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने जहरीली शराब कांड के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की। पटवारी ने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर इंदौर और उज्जैन से 50 हजार लोगों को जुटाकर देवास से उज्जैन तक पैदल यात्रा निकाली जाएगी। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार पर दोहरी बैरिकेडिंग की थी। इसके बावजूद आक्रोशित कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और मुख्य सडक़ पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शन में जहरीली शराब से जान गंवाने वाले लोगों के परिजन और छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हुए। परिजन अपने हाथों में मृतकों की तस्वीरें लेकर न्याय की गुहार लगाते नजर आए। करीब डेढ़ घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए। जीतू पटवारी ने कहा कि जब जहरीली शराब पीने से लोगों की जान गई है, तो जिम्मेदारों के खिलाफ हत्या की धारा में प्राथमिकी दर्ज करने में देरी क्यों की जा रही है? प्रदर्शन के दौरान चर्चा के लिए पहुंचे एडीएम शोभाराम सोलंकी और एसडीएम अभिषेक शर्मा के सामने पटवारी ने प्रशासन से तीखे सवाल किए। उन्होंने एडीएम को चुनौती देते हुए कहा कि जिले का ऐसा एक भी गांव बता दें, जहां अवैध शराब नहीं बिकती हो। यदि ऐसा गांव मिल जाता है, तो वे अधिकारियों को राष्ट्रपति पुरस्कार दिलवाने की बात कहेंगे। पटवारी ने अधिकारियों को शराब माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की नसीहत देते हुए आरोप लगाया कि लोगों की जान जाने के बावजूद प्रशासन जांच के नाम पर देरी कर रहा है।

शराब की बोतल दिखाकर जताया विरोध

प्रदर्शन के दौरान जीतू पटवारी ने हाथ में शराब की बोतल लेकर प्रशासन की जांच प्रक्रिया पर तंज कसा। उन्होंने एडीएम सोलंकी के सामने बोतल बढ़ाते हुए कहा, इससे अच्छी जांच नहीं हो सकती, इसे पीकर देख लो। उन्होंने



सवाल उठाया कि जहरीली शराब पीने वाले लोगों की मौत हो चुकी है, ऐसे में प्रशासन को इससे बड़ा सबूत और क्या चाहिए।

अवैध शराब मामले में जिला आबकारी अधिकारी सहित तीन को किया निलंबित

निगरानी में लापरवाही पर की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

चंदाना और बिंजाना गांव में अवैध शराब की बिक्री के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही सहायक जिला आबकारी अधिकारी निलेश पंवार और आबकारी उपनिरीक्षक राजश्री खन्ना को भी निलंबित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, अपने क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण नहीं रखने तथा अधीनस्थ अमले की गतिविधियों की समुचित निगरानी में लापरवाही बरतने के कारण यह कार्रवाई की गई है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि 15 और 18 अक्टूबर 2026 को ग्राम चंदाना-बिंजाना में दो व्यक्तियों की मृत्यु के संबंध में मर्ग जांच के दौरान क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री की जानकारी सामने आई। पुलिस प्रशासन ने अवैध शराब के विक्रय में कथित रूप से संलिप्त 10 व्यक्तियों के खिलाफ कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज किया । प्रशासन के अनुसार, प्रथमदृष्टया जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण और पर्यवेक्षण स्थापित करने में घोर लापरवाही तथा कर्तव्य के प्रति शिथिलता बरती गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम, 1966 के नियम 9 के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता, संभाग उज्जैन निर्धारित किया गया है। चंदाना-बिंजाना में हुई मौतों के वास्तविक कारणों को लेकर जांच जारी है।

मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर मालवीय का भाजपा कार्यालय पर हुआ स्वागत



देवास। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रमोद डोंगलिया ने भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव की सहमति एवं विधायक मनोज चौधरी की अनुशंसा पर सुभाष मालवीय को हाटपीपल्या ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सुभाष मालवीय को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सुभाष मालवीय की नियुक्ति पर हाटपीपल्या ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संतोष गोठी, राजेंद्र सिंह सेंधव कांवडिय़ा, महेंद्र यादव, बापूलाल धोसरिया, अरुण राठौड़, कपिल तवर, भोजराम जाट, राहुल तवर, केसर सिंह जादौन, शेर सिंह जादौन, रमेश संदूकलिया, मनीष सोलंकी, आत्माराम चौहान सहित सभी मित्रों ने बधाई दीं।

मीना बाजार में कवियों ने बांधा समां, रात 3 बजे तक गूंजे ठहाके और देशभक्ति के स्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



90वीं दशहरा कृषिकला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी मीना बाजार में नगर निगम देवास द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन देर रात तक काव्य रसिकों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। देश के सुप्रसिद्ध कवियों ने हास्य, व्यंग्य, राष्ट्रभक्ति और प्रेम रस से ओतप्रोत रचनाओं की प्रस्तुति देकर हजारों श्रोताओं को रात 3 बजे तक बांधे रखा। सम्मेलन का शुभारंभ कवयित्री डॉ. अनामिका जैन अंबर ने मां सरस्वती की वंदना से किया। हास्य-व्यंग्य कवि सुदीप भोला ने माता-पिता के महत्व को रेखांकित करते हुए बच्चों को उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। मालवी हास्य कवि नंदकिशोर अकेला ने मालवी भाषा में चुटीली रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। गीतकार महेंद्र मधुर ने राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की कविताओं के साथ वीरांगनाओं के शौर्य की गाथाएं सुनाईं। कवि चेतन चर्चित ने हास्य-व्यंग्य से भरपूर प्रस्तुतियों से खूब मनोरंजन किया, जबकि देवकृष्ण व्यास ने अमर शहीदों को याद करते हुए वंदे मातरम् के साथ अपनी कविता प्रस्तुत की।कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध कवि शशिकांत यादव ने किया।

नेहा मीणा होगी नईं कलेक्टर, आदित्य मिश्रा जिले के नए पुलिस कप्तान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





जहरीली शराब से मौतों के मामलों के बीच राज्य सरकार ने देवास और सागर के कलेक्टर-एसपी बदल दिए हैं। दोनों जिलों के एसपी को पुलिस मुख्यालय भोपाल में पदस्थ किया गया है। देवास एसपी पुनीत गहलोत सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। सरकार ने देवास कलेक्टर ऋतुराज को सामान्य प्रशासन विभाग में उप सचिव और सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल को मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम का प्रबंध संचालक बनाया है। सिवनी कलेक्टर नेहा मीना को देवास भेजा गया है। वही बालाघाट एसपी आदित्य मिश्रा को देवास की जिम्मेदारी दी गई है। 2014 बैच की आईएएस नेहा मीणा राष्ट्रपति पुरस्कार और प्रधानमंत्री पुरुस्कारों से सम्मानित है।

समितियों की क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत सेक्टर सिंघाड़ा के ग्राम बांगर में प्रस्फुटन समितियों की क्षमता संवर्धन को लेकर एक दिवसीय शक्ति संचय कार्यशाला पंचायत भवन बांगर में आयोजित की गई। कार्यशाला में अतिथि के रूप में जिला महामंत्री कपिल सिंह पवार एवं माध्यमिक शिक्षिका मंत्री जोशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ नवांकुर संस्था उमा उज्ज्वल महिला मंडल समिति द्वारा अतिथियों के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। परामर्शदाता सचिन पंचोली ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यों एवं उद्देश्यों से परिचित कराया। नीलम सोनी ने भी जन अभियान परिषद की भूमिका और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में प्रस्फुटन समितियों को संगठित एवं सक्रिय बनाने, सामाजिक विकास, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति तथा शासन द्वारा संचालित रोजगारमूलक कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी। अतिथि कपिल सिंह पवार ने आध्यात्मिकता की ओर अग्रसर होने तथा जीवन में उसके महत्व पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में प्रस्फुटन वाटिका में पौधारोपण किया गया। समापन अवसर पर नवांकुर संस्था उमा उज्ज्वल महिला मंडल समिति की अध्यक्ष श्रीमती नीलम चौहान ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता का होगा आयोजन

देवास। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा देवास जिले के चयनित वृंदावन ग्रामों में गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 के मध्य आयोजित होगी। प्रतियोगिता के लिए देवास जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक-एक ग्राम का चयन किया गया है। इनमें वृंदावन ग्राम सुनवानी महाकाल, आगरोद, चौबाराधीरा, विक्रमपुर एवं पोपरी शामिल हैं। इन ग्रामों में दो दिवसीय दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

मालवीया सुतार समाज की महिलाओं ने बड़खघाट पर मनाया शरद उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

कांटाफोड़ के समीप स्थित बड़घाट पर मालवीया सुतार समाज की महिलाओं द्वारा शरद उत्सव को उत्साह के साथ मनाया गया। उत्सव के दौरान महिलाओं ने गरबा कर माहौल को आकर्षित बना दिया। पारंपरिक अंदाज में गरबा करते हुए महिलाओं ने उत्सव का आनंद लिया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण समाज की वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान रहा। इस दौरान वरिष्ठ महिलाओं के प्रति आदर व्यक्त करते हुए उनके अनुभवों और समाज के प्रति योगदान को सराहा गया। सम्मान के माध्यम से नई पीढ़ी को वरिष्ठजनों का आदर करने तथा संस्कारों और परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।शरद उत्सव के आयोजन ने समाज की महिलाओं को एक साथ आने और आपसी मेलजोल बढ़ाने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक एकता को बनाए रखने का संदेश दिया गया। महिलाओं ने भागीदारी कर आयोजन को यादगार बनाया।

सेन थॉम एकेडमी के स्केटर आहिल ने जीते तीन स्वर्ण और एक रजत पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भोपाल रोड स्थित सेनथॉम एकेडमी के प्रतिभाशाली स्केटर आहिल ने राज्य स्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। भोपाल में 21 से 25 अक्टूबर तक आयोजित RSFI राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में प्रदेशभर के लगभग 700 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए आहिल ने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किए।आहिल ने 5000 मीटर पॉइंट-टू-पॉइंट ट्रैक रेस में 45 अंक अर्जित कर स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा रिंक रेस वी-500 मीटर स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने 10,000 मीटर पॉइंट-टू-पॉइंट रोड रेस में 39 अंक प्राप्त कर तीसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, 10,000 मीटर एलिमिनेशन ट्रैक रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया।

दशहरा मिलन, सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक मंगलवार को कृषि ऊपज मण्ड़ी स्थित किसान भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में लंबित विभिन्न मांगों के संबंध में 2 नवम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौपने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष प्रहलादसिंह बिजोनिया ने की। अतिथि के सौभागसिंह ठाकुर उपस्थित थे। सौभागसिंह ने मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना में पेंशनरों को भी शामिल करने मांग की गई। बैठक में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 1 नवम्बर से आनलाईन जीवित प्रमाण पत्र भरने, सदस्य संख्या बढ़ाने, समर्पित अवकाश, संगठन के प्रति सहयोग करने, संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों को समस्या से अवगत करवाने हेतु लिखित शिकायत संगठन को देने की बात कही। 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले वरिष्ठ पेंशनर मांगीलाल फागवा एवं बापूसिंह कुशवाह का सम्मान किया गया। बैठक में दशहरा मिलन समारोह की बधाई एवं शुभकामनाऐं पेंशनरों ने एक दूसरे को दी गई। बैठक का संचालन मुरलीधर झाला ने किया एवं आभार युसूफ मोहम्मद शेख ने माना।

नर्मदा जल की मांग को लेकर भमोरी के ग्रामीण पहुंचे कलेक्टर कार्यालय

मांग पूरी न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भमोरी गांव में पेयजल संकट से परेशान सैकड़ों महिला-पुरुष मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और नर्मदा का पानी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नल-जल योजना की टंकी तो बनी है, लेकिन तीनों बोर में पानी नहीं होने से घरों तक जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। ऐसे में लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि महिलाएं एक से दो किलोमीटर दूर स्थित कुओं से पानी भरकर ला रही हैं, जबकि कई परिवार निजी टैंकरों से पानी खरीदने को मजबूर हैं। पानी की व्यवस्था में लोगों का काफी समय लग रहा है, जिससे मजदूर वर्ग की रोजी-रोटी भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार, दिसंबर आते-आते गांव के बोरिंग में पानी खत्म होने से संकट और बढ़ जाता है।

चापड़ा-करनावद पाइपलाइन से जोड़ने की मांग

ग्रामीणों ने मांग की कि चापड़ा से करनावद जा रही नर्मदा पाइपलाइन से भमोरी गांव को भी जोड़ा जाए, ताकि लोगों को नियमित रूप से पेयजल मिल सके। उनका कहना है कि इससे गांव की लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या का समाधान हो सकता है। ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीणों ने 'सूखे कंठ को पानी दो' और 'नर्मदा का जल गांव में दो' जैसे नारे लगाकर अपनी मांग उठाई। इस दौरान कोलीपुरा, भीलपुरा और हनुमान मोहल्ले के रहवासियों सहित प्रदीप पाटीदार, कैलाश बावड़िया, दिनेश दादाजी, राधेश्याम पाटीदार, रायसिंह मालवीय, मुकेश मंडलोई, महेंद्र जायसवाल, कांतिलाल पाटीदार, ललिताबाई मंडलोई, हीराबाई पाटीदार, राजूबाई पाटीदार, गौमतीबाई कोहली और पुनीबाई कोहली सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पर शीघ्र कार्रवाई कर पेयजल की व्यवस्था नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

भर्ती रैली में 524 युवाओं ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में मंगलवार से अग्निवीर भर्ती रैली का आगाज हो गया। इंदौर और उज्जैन संभाग के 15 जिलों के युवाओं के लिए आयोजित भर्ती रैली के पहले दिन 524 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया और अपनी शारीरिक दक्षता दिखाई। रैली 5 नवंबर तक संचालित होगी। इसमें ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके 4 हजार से अधिक शॉर्टलिस्टेड अभ्यर्थी विभिन्न तिथियों पर फिजिकल फिटनेस टेस्ट और मेडिकल परीक्षण में शामिल होंगे। रैली में प्रतिदिन सीमित अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। इस भर्ती रैली में इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, खरगोन, खंडवा, बड़वानी, बुरहानपुर, अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, नीमच, शाजापुर और आगर-मालवा जिले के चयनित उम्मीदवार हिस्सा ले रहे हैं। भर्ती स्थल पर 1.6 किमी दौड़, बीम (पुल-अप्स), 9 फीट गड्ढा कूद और जिग-जैग बैलेंस जैसी शारीरिक बाधाओं को पार करने के बाद अभ्यर्थियों का चयन और विस्तृत मेडिकल परीक्षण किया जाएगा।

खबर संक्षेप

खेत से लौट रहे बुजुर्ग को लाठी-पत्थरों से पीटा मुकदमा दर्ज

ललितपुर। बानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम छिल्ला में खेत से घर लौट रहे 79 वर्षीय बुजुर्ग के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने बुजुर्ग के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी व पत्थरों से हमला कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीणों को मौके पर आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। तहरीर पर बानपुर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम छिल्ला निवासी गनेश पुत्र कुंजी खंगार सोमवार, 26 अक्टूबर को सुबह करीब नौ बजे खेत से काम निपटाकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही अवतार पुत्र हल्कूराम लोधी ने उन्हें रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब गनेश ने गाली देने का कारण पूछा और इसका विरोध किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गया। इसके बाद उसने लाठी और पत्थरों से बुजुर्ग के साथ मारपीट कर दी। अचानक हुए हमले से बुजुर्ग घायल हो गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों को आता देख आरोपी कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकला। घटना के बाद उसने बानपुर थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पर आरोपी अवतार लोधी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बुढ़वार तिराहे पर पुलिस ने पकड़ा युवक, बोरे से मिले देशी शराब के 25 क्वार्टर

ललितपुर। कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को देशी शराब के 25 टेट्रा पैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 200-200 मिलीलीटर के रसभरी ब्रांड के क्वार्टर बरामद किए। सोमवार की शाम नेहरू नगर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अंकित कौशिक आरक्षी हरिओम सिंह और रिक्रूट आरक्षी राजकपूर के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की पूरी बांह की टी-शर्ट और काले रंग की पैंट पहने एक युवक सफेद प्लास्टिक के बोरे में देशी शराब लेकर सिद्दनपुरा की ओर से बुढ़वार रोड पर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पीताम्बरा ग्रेनाइट के पास बुढ़वार तिराहे पर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर युवक सकपका गया और पीछे मुड़कर जाने का प्रयास करने लगा। इस पर पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहल्ला रैदासपुरा निवासी लिटिल कुमार रजक पुत्र उमेश कुमार रजक बताया। युवक के हाथ में मौजूद सफेद प्लास्टिक के बोरे की तलाशी लेने पर उसमें रसभरी मार्का देशी शराब के 25 टेट्रा पैक बरामद हुए। प्रत्येक पैक 200 मिलीलीटर का था। पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि वह शराब हाईवे स्थित देशी शराब की दुकान से खरीदकर नेहरू नगर निवासी महेंद्र राय को देने जा रहा था। आरोपी शराब से संबंधित वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर सील किया और साक्ष्य ऐप के माध्यम से कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई। इसके बाद आरोपी लिटिल कुमार रजक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

केंद्रीय कार्यकारी सदस्य चुने गए डॉ एमके जैन

विदिशा। मप्र इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन 24-25 अक्टूबर को सागर की दीपाली होटल में आयोजित किया गया। विदिशा आईएमए शाखा द्वारा जन हितैषी स्वास्थ्य गतिविधियों के लिए विदिशा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एमके जैन को सर्व सम्मति से मध्यप्रदेश से केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। साथ ही विदिशा शाखा से डॉ सुरेन्द्र सोनकर को एमपी आईएमए का जोनल चेयरमैन चुना गया। साथ डॉ सुषमा निगम को मप्र का सर्वश्रेष्ठ जोनल चेयरपर्सन तथा डॉ नीति अग्रवाल, डॉ राजीव जैन, डॉ राहुल जैन, डॉ महेंद्र रघुवंशी को प्रेसिडेंशियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। विदिशा आईएमए अध्यक्ष डॉ सिम्मी रघुवंशी, डॉ धर्मेन्द्र रघुवंशी, सचिव डॉ महेंद्र रघुवंशी, कोषाध्यक्ष डॉ सुधीर जैन ने उन्हे बधाई दी है।

भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुरू

प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को समयबद्ध पारदर्शी व त्रुटिरहित जनगणना के निर्देश

जिलाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काटकर किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना की तैयारियों को गति प्रदान करते हुए 27 अक्टूबर को जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने आईसीसीसी, पुरानी एलआईसी बिल्डिंग, बीएसएनएल ऑफिस के पास, सुपर मार्केट, ललितपुर में दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों, फील्ड ट्रेनरों, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

जनगणना में न बरतें लापरवाही

जिलाधिकारी जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने कहा कि जनगणना देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसके माध्यम से देश की जनसंख्या से संबंधित आवश्यक आंकड़े संकलित किए जाते हैं, जिनका उपयोग विकास योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में किया जाता है। इसलिए इस कार्य को पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी एवं सटीकता के साथ संपन्न कराया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने जनगणना प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान निर्धारित समय पर प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित रहें और प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को गंभीरता से समझें, ताकि क्षेत्रीय कार्य के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

स्वगणना के लिए नागरिकों को करें प्रेरित

जिलाधिकारी ने बताया कि स्वगणना की अवधि 16 नवम्बर 2026 से 30 नवम्बर 2026 तक निर्धारित है। उन्होंने अधिकारियों एवं जनगणना कर्मियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक नागरिकों को स्वगणना के लिए प्रेरित करें, जिससे जनगणना प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सके तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण हो सके। इस दौरान प्रभारी जनगणना, ललितपुर प्रत्युष यादव ने बताया कि द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य दिनांक- 01 दिसम्बर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक चलेगा। दिनांक- 4 जनवरी 2027 को शाम 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक बेघर परिवार की गणना की जायेगी। स्वगणना का कार्य दिनांक- 16 नबम्बर 2026 से 30 नबम्बर 2026 के मध्य होगा। रिवीजनल राउन्ड 5 जनवरी 2027, से 9 जनवरी 2027 तक चलेगा। उन्होंने बताया कि ललितपुर जिले के अन्तर्गत कुल 09 चार्ज है, 05 ग्रामीण चार्ज और 04 नगरीय चार्ज है। इन 09 चार्जो के अन्तर्गत 10 प्रतिशत रिजर्व सहित 2935 प्रगणक, पर्यवेक्षकों को 63 बैचो में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रति बैच 02 फील्ड ट्रेनर द्वारा लगभग 50 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

चार स्लॉट में दिया जाएगा प्रशिक्षण

जनगणना के द्वितीय चरण के कार्यों को व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम चार स्लॉट में आयोजित किया जाएगा।

- प्रथम स्लॉट - 27 से 29 अक्टूबर 2026
- द्वितीय स्लॉट - 30 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2026
- तृतीय स्लॉट - 03 से 05 नवम्बर 2026
- चतुर्थ स्लॉट - 12 से 14 नवम्बर 2026

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन 50-50 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को फील्ड ट्रेनरों द्वारा जनगणना से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, अवर अभियंता खुशबू खान, जिला जनगणना प्रभारी प्रत्यूष यादव, जनगणना लिपिक हबीब खान, जनगणना सह लिपिक अमित पाराशर, मास्टर ट्रेनर अंकित सिंह, मास्टर ट्रेनर प्रत्यूष पंचौरी, फील्ड ट्रेनर शक्ति सिंह अहिरवार, कल्याण सिंह, आदर्श रावत, सौरभ चौरसिया, अनिल कुमार विश्वकर्मा, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव, कर लिपिक चन्द्रविनोद मिश्रा, नजूल लिपिक सुधीर रावत, गैराज प्रभारी अमित कुमार रिंकू, धीरेन्द्र घावरी, भगवान सिंह, वीरेन्द्र कुमार, अभिषेक साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रगणकों के प्रमुख दायित्व

- आवंटित क्षेत्र के प्रत्येक घर में जाकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परिवारों एवं व्यक्तियों की जानकारी एकत्र करना।
- निर्धारित प्रश्नों के माध्यम से पारिवारिक विवरण एवं अन्य आवश्यक आंकड़ों को सही ढंग से दर्ज करना।
- निर्धारित प्रपत्र अथवा डिजिटल ऐप के माध्यम से आंकड़ों का सटीक संकलन करना।
- नागरिकों द्वारा दी गई व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जानकारी की गोपनीयता बनाए रखना।
- स्वगणना के माध्यम से दर्ज की गई प्रविष्टियों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सत्यापन एवं समन्वय करना।

पर्यवेक्षकों की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

- अपने अधीनस्थ प्रगणकों के कार्यक्षेत्र की नियमित निगरानी करना।
- यह सुनिश्चित करना कि प्रगणक समयबद्ध ढंग से एवं सही जानकारी के साथ गणना कार्य संपन्न कर रहे हैं।
- एकत्र किए गए आंकड़ों की गुणवत्ता, शुद्धता एवं पूर्णता की समय-समय पर जांच करना।
- कार्य के दौरान प्रगणकों एवं नागरिकों को आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों का समाधान कराना।
- तकनीकी समस्याओं के निराकरण में सहयोग प्रदान करते हुए जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराना।

द्वितीय चरण में जुटाई जाएगी विस्तृत जानकारी

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान फील्ड ट्रेनरों ने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना के द्वितीय चरण की कार्यप्रणाली, निर्धारित प्रश्नावली तथा आंकड़ों के संकलन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि इस चरण में प्रत्येक नागरिक एवं परिवार से संबंधित निर्धारित जनसांख्यिकीय, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक जानकारियां एकत्र की जाएंगी। प्रशिक्षकों ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान प्रत्येक जानकारी का सही संकलन एवं अभिलेखीकरण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं सावधानी के साथ करना होगा।

जिले में कुल 46 फील्ड ट्रेनर्स नियुक्त है, ललितपुर सदर तहसील में 16, तालबेहट तहसील में 10, महरौनी में 08, मड़ावरा तहसील में 06, पाली तहसील 06, में फील्ड ट्रेनर्स बैचवार प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त कर पर्यवेक्षक, प्रगणक गणना ब्लॉको में जाकर स्व-गणना जनसंख्या गणना और रिवीजनल राउड का कार्य पूर्ण करेंगे।

जिला प्रशासन की पहल

10 सहकारी समितियों पर खाद वितरण शुरू



किसानों को राहत देने के लिए जिला कृषि अधिकारी व एआर कोऑपरेटिव ने संभाली व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में सहकारी समितियों के सचिवों की हड़ताल के चलते खाद वितरण व्यवस्था प्रभावित होने से किसानों को हो रही परेशानी को दूर करने के लिए जिला प्रशासन ने पहल की है। प्रशासन की ओर से जिला कृषि अधिकारी एवं एआर कोऑपरेटिव की टीम गठित कर जिले की 10 सहकारी समितियों एवं खाद वितरण केंद्रों पर सुचारु रूप से खाद वितरण शुरू करा दिया गया है। इससे खाद के लिए परेशान हो रहे किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। जिला प्रशासन की ओर से किसानों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है, ताकि हड़ताल के कारण खाद वितरण पूरी तरह बाधित न हो और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराई जा सके। प्रशासन ने किसान भाइयों से अपील की है कि वे नीचे बताए गए केंद्रों पर पहुंचकर खाद प्राप्त कर सकते हैं। जिले में खाद वितरण के लिए शुरू किए गए केंद्रों की सूची में इफको बाजार ललितपुर, इफको बाजार महरौनी, कृषक सेवा केंद्र सेवनीखुर्द, राजघाट रोड, पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र ललितपुर मंडी, बुढ़वार संघ, सहकारी समिति लागौन, सहकारी समिति रोड़ा, सहकारी समिति कल्यानपुरा, सहकारी समिति ललितपुर, सहकारी समिति पूराकलां शामिल हैं। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल इन 10 केंद्रों पर वितरण व्यवस्था शुरू करा दी गई है। शेष सहकारी समितियों पर भी जल्द से जल्द खाद वितरण शुरू कराने की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य सचिवों की हड़ताल के कारण किसानों को होने वाली असुविधा को कम करना और कृषि कार्यों के लिए खाद की उपलब्धता बनाए रखना है। किसानों से अपील की गई है कि वे खाद प्राप्त करने के लिए निर्धारित केंद्रों पर पहुंचें और उपलब्ध कराई गई वैकल्पिक व्यवस्था का लाभ उठाएं।

गांधी नगर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

शिव मंदिर के शिखर पर स्थापित हुआ स्वर्ण कलश, जयकारों से गूंजा क्षेत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर के गांधी नगर स्थित चिरागशाह वाली गली में क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के उद्देश्य से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। पं. रघुवीर दास वेदांती के मुखारविंद से श्रद्धालु कथा का रसपान कर रहे हैं। कथा का शुभारंभ 22 अक्टूबर को वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक उल्लास के बीच निकाली गई भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था। प्रतिदिन दोपहर दो बजे से कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। इसी धार्मिक आयोजन की श्रृंखला में 26 अक्टूबर को गांधी नगर स्थित शिव मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश की स्थापना की गई। वैदिक आचार्यों के सानिध्य में विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुए इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने कलश स्थापना के पावन क्षण के साक्षी बनकर पूजा-अर्चना की। आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन 28 अक्टूबर को होगा। समापन अवसर पर कथा विश्राम के साथ हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति की जाएगी। इसके बाद भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों को महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजन समिति ने धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पहुंचकर कथा श्रवण करने और महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान पं. सजन कुमार शर्मा हैं। आयोजन को सफल बनाने में पं. देवकी नंदन कौशिक, पं. दीपक भार्गव, पं. प्रताप नारायण गोस्वामी, डा. आर.के. गोस्वामी, पं. रामस्वरूप नायक, पं. विनोद चतुर्वेदी, मदन बाबूजी, पं.संजय पाराशर, पं. जीतू चौबे और पं.रवि पाराशर सहित अन्य सहयोगी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आयोजन समिति सदस्यों ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक कार्यक्रम में सहभागिता कर पुण्यलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

नाराहट पुलिस ने गुरयाना गांव से पकड़ा

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नाराहट पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ग्राम गुरयाना निवासी सूरज अहिरवार पुत्र तुलसी के रूप में हुई है। आरोपी को 27 अक्टूबर को गिरफ्तार कर नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किए जाने की कार्रवाई की गई।

एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ पाली राजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना नाराहट पुलिस ने यह कार्रवाई की। थाना नाराहट में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 217/2026 में आरोपी सूरज अहिरवार वांछित था। उसके विरुद्ध बीएनएस की धारा 65(1), 127(2), 61(2) और 351(3) तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 5(जे)(2)/6 के तहत अभियोग पंजीकृत है। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दयाशंकर सिंह, हेड कांस्टेबल योगेश प्रताप सिंह और कांस्टेबल शिवम कुमार शामिल रहे।

आलू बीज खरीदने पर किसानों को मिलेगा एक हजार रुपये प्रति क्विंटल अनुदान

ललितपुर। जनपद के आलू उत्पादक किसानों के लिए राहत भरी खबर है। उद्यान विभाग में उच्च गुणवत्ता वाला आलू बीज उपलब्ध हो गया है। किसान आलू बीज की खरीद पर 1,000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अनुदान प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए किसानों को निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। विभाग की ओर से जनपद में विक्रय के लिए कुल 75 क्विंटल आलू बीज उपलब्ध कराया गया है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि

ललितपुर में 75 क्विंटल उच्च गुणवत्ता वाला आलू बीज उपलब्ध

किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध प्रजातियों एवं बीज की श्रेणी के मुताबिक आलू बीज प्राप्त कर सकते हैं। अनुदान की धनराशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। उद्यान विभाग में उपलब्ध आलू बीज का विवरण एवं निर्धारित दरें, जिनमें ख्याति आधारित प्रथम सीड साइज 18 क्विंटल, दर 3,630 रुपये प्रति क्विंटल, ख्याति आधारित प्रथम ओवर साइज 28 क्विंटल, दर 3,040 रुपये प्रति क्विंटल, चिप्सोना आधारित प्रथम सीड साइज 11.50 क्विंटल, दर 3,630 रुपये प्रति क्विंटल, चिप्सोना आधारित द्वितीय सीड साइज 5.50 क्विंटल, दर 3,480 रुपये प्रति क्विंटल, बहार आधारित द्वितीय सीड साइज 12 क्विंटल, दर 3,480 रुपये प्रति क्विंटल शामिल हैं। इन पांचों श्रेणियों में कुल 75 क्विंटल आलू बीज उपलब्ध है। किसान निर्धारित दरों पर बीज खरीदकर प्रति क्विंटल 1,000 रुपये अनुदान प्राप्त कर सकेंगे। आलू बीज खरीदने के लिए किसानों को पंजीकरण के समय आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा खतौनी की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन की प्रक्रिया पूरी करें, ताकि अनुदान की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजी जा सके। किसान ऑनलाइन आवेदन के लिए उद्यान विभाग के पोर्टल पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी एवं पंजीकरण के लिए जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

पीडियेट्रिक ऑर्थोकॉन-2026 होगी ऐतिहासिक

एक नवंबर को ललितपुर में जुटेंगे देश भर के अस्थिरोग विशेषज्ञ, तैयारी बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



आगामी 1 नवंबर को दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक देश भर के अस्थिरोग विशेषज्ञ ललितपुर में जुटेंगे। इस अवसर पर बच्चों की हड्डियों एवं जोड़ों से सम्बन्धित बीमारियों, जन्मजात विकृतियों तथा फैक्चर के आधुनिक उपचार के प्रति जागरूकता पर चर्चा की जाएगी। आयोजन की अध्यक्षता मुख्य वक्ता प्रादेशिक ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के डा.अरुण कपूर करेंगे।

ललितपुर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डा.मयंक कुमार शुक्ला मुख्य अतिथि होंगे। सीएमओ वीरेन्द्र सिंह और आईएमए से राजकुमार विशिष्ट अतिथियों में शामिल हैं। आगामी रविवार को स्थानीय होटल में उत्तर प्रदेश ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आर्थोपीडिक क्लब द्वारा आयोजित सम्मेलन में बच्चों की हड्डियों से जुड़ी जटिल चिकित्सकीय समस्याओं के बेहतर निदान एवं उपचार के लिए विशेषज्ञ अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करेंगे। इस दौरान खास तौर पर बच्चों में होने वाले फैक्चर, जन्मजात विकृतियों, टेढ़े-पैर, कोहनी की चोटों, ग्रोथ प्लेट से संबंधित फैक्चर तथा आधुनिक शल्य चिकित्सा तकनीक पर नये वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में विशेषज्ञ व्याख्यानों के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी। इनमें प्लास्टर लगाने की आधुनिक तकनीक, हिप स्पाइका कास्ट, क्लबफुट के उपचार की पोंसेटी विधि, स्यूचरिंग तथा अन्य व्यावहारिक कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य चिकित्सकों को नवीनतम उपचार पद्धतियों से परिचित कराना और बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक प्रयास करना है। ललितपुर ऑर्थोपेडिक क्लब अध्यक्ष डा. ए.के. दिवाकर ने बताया कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। क्लब के सचिव डा.आकाश खैरा ने बताया कि इस सम्मेलन के माध्यम से क्षेत्र में बाल अस्थि रोग चिकित्सा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, चिकित्सा विशेषज्ञों के कौशल विकास तथा आधुनिक उपचार तकनीकि को प्रोत्साहित किया जायेगा। इस आयोजन में अस्थि रोग विशेषज्ञों के साथ अन्य चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में क्लब अध्यक्ष डा.ए.के.दिवाकर, सचिव डा.आकाश खैरा, संयुक्त सचिव डा.सौरभ साहू, वित्त सचिव डा.निर्भय, एक्जीक्यूटिव मैम्बर डा.मनोज सिंह, डा.पीयूष जैन, उपाध्यक्ष डा.एमसी गुप्ता, डा.अंकित साहू आदि मौजूद रहे।

---

28 अक्टूबर तक दर्ज कराएं आपत्ति

हाईस्कूल-इंटर परीक्षा 2027 के लिए 50 प्रस्तावित केंद्रों की सूची जारी

ललितपुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज की ओर से वर्ष 2027 में आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में जनपद ललितपुर में परीक्षा के लिए छात्र आवंटन सहित 50 ऑनलाइन प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय ने संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रबंधकों को सूची का परीक्षण कर निर्धारित समय के भीतर आपत्तियां दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से जारी सूचना के अनुसार, प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची के संबंध में यदि किसी विद्यालय, छात्र या अभिभावक को कोई आपत्ति अथवा शिकायत है, तो वह अपने तार्किक कारणों एवं संबंधित साक्ष्यों के साथ 28 अक्टूबर तक ऑनलाइन प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी प्रकार का प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय ने जनपद के सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि वे परिषद से प्राप्त छात्र आवंटन सहित प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची का भली-भांति परीक्षण कर लें। इसके साथ ही सूची को विद्यालय के सूचना पट और व्हाट्सएप ग्रुप पर प्रदर्शित किया जाए, ताकि छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन को प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की जानकारी समय से मिल सके। यदि सूची में किसी प्रकार की त्रुटि या अन्य आपत्ति सामने आती है, तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत उसका निस्तारण कराने के लिए प्रत्यावेदन दिया जा सकता है। प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची के संबंध में आपत्तियां माध्यमिक शिक्षा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज कराई जा सकेंगी। प्रत्यावेदन प्रस्तुत करते समय आपत्ति के समर्थन में तार्किक कारण व आवश्यक साक्ष्य देना अनिवार्य होगा।

दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा पर चल रहे बयानों के तीर

'वोट बचाओ, देश बचाओ' पर आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा पर बरसे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा पर जिले में सियासत तेज हो रही है। इस यात्रा को लेकर दोनों दलों के नेताओं द्वारा लगातार एक-दूसरे पर तंज कसे जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस द्वारा सोमवार को वोट बचाओ, देश बचाओ पर आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची ने जिले के दो भाजपा विधायकों पर नुकीला तीर चला दिया।

स्थानीय मिडवे ट्रीट पर आहूत हुई इस प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि 'जिस व्यक्ति का विधायक रहते हुए जनाजा यहां के सीएमओ ने निकाल दिया, उनको किसी कार्यक्रम में बुलाने से इनकार कर दिया। जिस व्यक्ति के विधायक रहते हुए जल जीवन मिशन के जीएम ने भी उनका जनाजा निकाल दिया। और मैं उस जनाजे की तो बात ही नहीं कर रहा जो उनका भोपाल में निकल चुका है।



राजगढ़ और खिलचीपुर विधायक ने यह दिए थे बयान

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव ने दिग्विजय सिंह की यात्रा पर तंज कसते हुए कहा था उन्हें इस यात्रा से कोई लेना-देना नहीं है। (दिग्विजय सिंह) का जनाजा तो यहां (राजगढ़ लोकसभा) से निकल चुका है। अब क्या जरूरत है उनकी। अब वे नए सिरे से अपना जीवन तलाश रहे हैं। उन्हें इस यात्रा से कोई लेना-देना नहीं है। वहीं खिलचीपुर विधायक हजारालाल दांगी ने सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा को बेफिजूल की नौटंकी बताया था। वहीं कहा था कि दिग्विजय सिंह के पास अब कोई काम नहीं बचा है। उनका राजनीतिक जनाजा तो निकल चुका है।

वोट चोरी पर यह बोले पर्यवेक्षक बालासाहब

जिस वोट चोरी विषय पर उक्त प्रेसवार्ता आयोजित हुई थी उस पर कांग्रेस पर्यवेक्षक बालासाहब थारोत ने कहा कि पूरे देश में वोट चोरी करके भाजपा अपनी सरकारें बना रही है। पूरे देश में एसआईआर के जरिए कांग्रेस समर्थकों के धड़ल्ले से नाम हटाए गए और अभी भी हटाए जा रहे हैं। इंका जिलाध्यक्ष सिंह ने बताया कि राजगढ़ जिले के कुरावर, सारंगपुर, खिलचीपुर में तो यह बात स्पष्टतः सामने आ चुकी है कि एक समुदाय विशेष के मतदाताओं के थोकबंद नाम मतदाता सूचियों से विलोपित कर दिए गए। आगे उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता या वोट रक्षक स्वयंसेवकों के बीच समन्वय बनाकर मतादाता सूची का बूथवार सत्यापन किया जाएगा। पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर संबंधित के दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।



सनातन यात्रा में शामिल होने के लिए बांटे पीले चावल

खुजनेर। महाकाल की नगरी उज्जैन से रामधाम अयोध्या तक निकाली जा रही पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा सत्य सनातन स्वाभिमान पदयात्रा 28 अक्टूबर को शाम 5 बजे खुजनेर पहुंचेगी। यात्रा के खुजनेर पहुंचने से पहले शहर कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में सोमवार को शहर में पीले चावल बांटकर धर्मप्रेमी नागरिकों को आमंत्रित किया गया। आयोजकों ने नगरवासियों से यात्रा के स्वागत और कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल यादव, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामगोपाल पाटीदार, अखिलेश गुप्ता, बाबू वर्मा, गोपाल ठाकुर, देवचंद्र मालवीय सहित कांग्रेसी उपस्थित थे।

वोट चोरी और चंदा चोरी के खिलाफ निकाली जा रही यात्रा

सनातन धर्म, सर्वधर्म समभाव, सत्य व अहिंसा का मार्ग : दिग्विजय सिंह



सत्य सनातन यात्रा सारंगपुर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की वोट चोरी और चंदा चोरी के खिलाफ निकाली जा रही सत्य सनातन यात्रा सोमवार शाम करीब 4 बजे सारंगपुर पहुंची। गोपालपुरा बायपास के पास एक निजी पेवर्स फैक्ट्री में विश्राम के दौरान उन्होंने प्रेस वार्ता की। इस दौरान दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए हिंदुत्व और सनातन धर्म को अलग-अलग बताया।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सर्वधर्म समभाव, सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाता है, जबकि हिंदुत्व के नाम पर नफरत फैलाई जा रही है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य वोट चोरी और चंदा चोरी के मुद्दों को उठाने के साथ सनातन धर्म को सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करना है। उन्होंने कहा, सनातन धर्म को हिंदुत्व के नाम पर बदनाम किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश में भी सनातन धर्म को सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किया जाए। यह एक छोटा-सा प्रयास है, जिसमें सभी के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि वोट चोरी के मुद्दे पर कार्रवाई नहीं हुई तो देश में लोकतंत्र और संविधान के सामने संकट खड़ा हो सकता है।



दिग्विजय सिंह ने एक नवंबर को इंडिया गठबंधन की प्रस्तावित जनसभा में लोगों से शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि वोट चोरी के खिलाफ चर्चा कर जनजागरूकता का माहौल बनाना जरूरी है।

भाजपा पर साधा निशाना, हिंदुत्व को लेकर कही यह बात

दिग्विजय सिंह ने कहा कि हिंदुत्व शब्द का इस्तेमाल सावरकर ने किया था और उनके मुताबिक इसका सनातन धर्म से संबंध नहीं है। भाजपा के पास जनहित के मुद्दे नहीं हैं और वह हिंदुत्व के नाम पर नफरत फैलाती है। इसके विपरीत सनातन धर्म लोगों को जोड़ने का काम करता है। चंदा चोरी के मामले में हुई कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए कहा कि इस मामले में अभी छोटी मछलियां पकड़ी गई हैं, जबकि चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं।मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा में व्यवधान के सवाल पर सिंह ने कहा कि सभा को बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने मांग की कि सभा में व्यवधान डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, कृष्ण मोहन मालवीय, प्रदीप जैन, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद अली,शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी, वरिष्ठ नेता नंदलाल नागर प्रदीप सादानी, प्रवक्ता लखन धनगर, अखिलेश राठी, ब्लॉक अध्यक्ष बनवारीलाल मालवीय, शोएब हसन राही सहित साधु संत और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

9.11 लाख का मादक पदार्थ जब्त

60 किलो 750 ग्राम डोडाचूरा के साथ 4 महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़ ताल

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आलोट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

अभियान के तहत कार्रवाई

पुलिस ने ग्राम पिपलिया सिसोदिया के खेतों के कच्चे रास्ते से इनके कब्जे से 60 किलो 750 ग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 9 लाख 11 हजार 250 रुपये बताई गई है। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विवेक कुमार लाल तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पल्लवी गौर के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

मुखबिर की सूचना पर दबिश

पुलिस के अनुसार, 26 अक्टूबर 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम पिपलिया सिसोदिया के खेतों के कच्चे रास्ते से डोडाचूरा की तस्करी की जा रही है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर चार महिलाओं को पकड़ा। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए उनके कब्जे से 60 किलो 750 ग्राम डोडाचूरा जब्त किया गया। गिरफ्तार महिलाओं के विरुद्ध थाना आलोट में अपराध क्रमांक 583/2026, धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस आरोपियों से मादक पदार्थ के स्रोत और तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक योगेश पाटीदार, उपनिरीक्षक आर.सी. खड़िया, प्रधान आरक्षक अमित भावसार, महिला आरक्षक अनिता, आरक्षक अभिनन्दन, सुनील चुनारा, थॉमस भाभर, रौनक पोरवाल और मुकेश की भूमिका रही।



सुरमयी संध्या में दी गई शायर साहिर लुधियानवी और गायक मन्ना डे को श्रद्धांजलि

मन्दसौर। नगर की सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच द्वारा प्रसिद्ध शायर एवं गीतकार साहिर लुधियानवी तथा लोकप्रिय गायक मन्ना डे की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके अमर गीतों की एक विशेष संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अभय मेहता की प्रस्तुति से हुई, जिन्होंने 'मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया' गीत गाकर समां बांध दिया। इसके बाद आबिद शाह ने 'न तू जमीन के लिए है, न आसमान के लिए' और सतीश सोनी ने 'निगाहें मिलाने को जी चाहता है' गीत प्रस्तुत किए। संगीत प्रेमियों की सुरीली कड़ियों में पूजा दुग्गड ने 'ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं' गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉक्टर महेश शर्मा ने 'लागा चुनरी में दाग' और ललिता मेहता ने 'तुम अगर साथ देने का वादा करो' गीत की बेहतरीन प्रस्तुति दी। एकल गीतों के साथ-साथ युगल प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम में विशेष रंग जमाया। डॉक्टर महेश शर्मा और स्वाति रिछावरा ने 'अभी न जाओ छोड़ के' तथा सतीश सोनी और स्वाति रिछावरा ने 'ये आंखें देखकर हम सारी दुनिया भूल जाते हैं' जैसे खूबसूरत युगल गीत गाकर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए अभय मेहता ने साहिर लुधियानवी और मन्ना डे के जीवन और उनके कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला, जबकि अंत में आभार ललिता मेहता ने व्यक्त किया।

करवा चौथ को लेकर बाजारों में छाई रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़

पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना का महापर्व करवा चौथ इस वर्ष 29 अक्टूबर को पूरे श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। त्योहार के नजदीक आते ही शामगढ़ नगर के प्रमुख बाजारों में रौनक देखते ही बन रही है। पिछले कुछ समय से सुस्त पड़े व्यापार में इस त्योहार ने संजीवनी फूंकने का काम किया है

श्रृंगार और सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर भीड़---पर्व के चलते नगर की कॉस्मेटिक दुकानों, फैंसी स्टोर्स और चूड़ी बाजारों में महिलाओं का तांता लगा हुआ है। सुहागिनें अपने 16 श्रृंगार के लिए डिजाइनर चूड़ियाँ, साड़ियाँ, सिंदूर, बिंदी और अन्य सौंदर्य प्रसाधनों की खरीदारी कर रही हैं। नगर के ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है, जहाँ त्योहार पर विशेष रूप से सजने-संवरने के लिए एडवांस बुकिंग चल रही है।



नपा अध्यक्ष ने भी की बाजार में खरीदारी---करवा चौथ के इस पावन उत्सव में आम जनता के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी पूरी तरह रंगे नजर आ रहे हैं। नगर परिषद (नपा) अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव ने भी अखंड सुहाग के इस पावन व्रत की तैयारियों को लेकर शामगढ़ के स्थानीय बाजार का दौरा किया और पूजन सामग्री सहित अन्य आवश्यक सामान की खरीदारी की। उन्होंने इस दौरान नगर वासियों को करवा चौथ की शुभकामनाएँ भी दीं।

पूजन सामग्री और डिजाइनर करवों की मांग--बाजार में मिट्टी और पीतल के आकर्षक एवं रंग-बिरंगे डिजाइनर करवे, चलनी और पूजा की विशेष थालियाँ बिकने के लिए सजी हुई हैं। चंद्रमा को अर्घ्य देने के लिए जरूरी इन पारंपरिक सामग्रियों की खरीदारी में महिलाएँ काफी रुचि दिखा रही हैं।

शरद पूर्णिमा पर अग्रवाल समाज ने किया डांडिया-गरबा, महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण

जीरापुर। नगर के आवास कॉलोनी स्थित अग्रवाल समाज धर्मशाला में शरद पूर्णिमा का पावन पर्व अग्रवाल समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां पर कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज अध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल मेडीकल ने बताया कि समाज द्वारा शरद पूर्णिमा पर गरबा डांडिया नृत्य करने के पीछे यह उद्देश्य है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने महारास करके खुशियां मनाई थी। समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं एवं बच्चों ने गरबा डांडिया नृत्य में उत्साहपूर्वक भाग लिया। आपस में खुशी का इजहार कर सभी ने डांडिया-गरबा नृत्य कर इस पर्व की खुशियां मनाईं। इसके पश्चात महाआरती की गई तथा खीर का भोग लगाकर समाजजनों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल, जिला सचिव जितेंद्र अग्रवाल,सचिव मंगलेश गोयल , मनोज अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, शैलेंद्र खरेशवाल, अंशुल अग्रवाल, रमेशचंद्र अग्रवाल जिला अध्यक्ष राजेंद्र बंसल सहित समाज के वरिष्ठजन, महिला मंडल की सदस्य एवं बच्चे उपस्थित रहे।

प्रगतिशील लेखक संघ के 14वें राज्य सम्मेलन में नई कार्यकारिणी का गठन

मोहनकुमार अध्यक्ष, अनिल करमेले महासचिव निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

इंदौर में आयोजित मध्यप्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ के 14वें राज्य सम्मेलन में प्रसिद्ध लेखक,कवि छिंदवाड़ा निवासी मोहन कुमार डहरिया अध्यक्ष,भोपाल निवासी कवि महा सचिव निर्वाचित हुए। अपने संबोधन में श्री डहरिया ने कहा कि वे प्रगतिशील लेखक संघ की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

मंदसौर इकाई से हरनाम सिंह अध्यक्ष मंडल सदस्य,असअद अंसारी प्रांतीय सचिव मंडल सदस्य,कैलाश जोशी प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित घोषित किए गए।

मंदसौर इकाई के असअद अंसारी द्वारा प्रस्तुत शिक्षा संबंधी प्रस्ताव में शिक्षक की गरिमा, स्वतंत्रता और मानसिक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा शिक्षण व्यवस्था को राजनीतिक दबाव से मुक्त करने , मध्यप्रदेश सरकार से शिक्षकों को अनावश्यक बाहरी दबाव से मुक्त वातावरण, स्थानांतरण-पदस्थापना के पारदर्शी नियम, गैर-शैक्षणिक कार्यों में कमी तथा निष्पक्ष शिकायत निवारण व्यवस्था उपलब्ध कराने,शिक्षक की मानसिक सुरक्षा, गरिमा और शैक्षणिक स्वायत्तता को शिक्षा नीति का अनिवार्य हिस्सा बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन में विनीत तिवारी ने केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों के न्यायपूर्ण पुनर्वास और पर्यावरण संरक्षण पर निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया। शैलेन्द्र शैली ने मध्यप्रदेश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद थोपने के विरोध में प्रस्ताव रखा। आरती ने मणिपुर में शांति बहाली और विस्थापितों के पुनर्वास की मांग उठाई। दिनेश भट्ट ने टेलीविजन कार्यक्रमों में अंधविश्वास के प्रसार पर रोक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया। गिरीश पटेल ने रकफ विरोधी आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई की जांच तथा लोकतांत्रिक अधिकारों और पत्रकारिता की स्वतंत्रता की रक्षा संबंधी प्रस्ताव रखा। सभी प्रस्ताव सर्वानुमति से पारित किए गए। सम्मेलन ने साहित्य, शिक्षा और संस्कृति को संवैधानिक मूल्यों, वैज्ञानिक चेतना, सामाजिक समानता तथा मानवीय संवेदनाओं से जोड़ने का संकल्प व्यक्त किया।

दिगम्बर जैन महिला महासमिति संभाग मंदसौर द्वारा 48 दीपकों से भक्तामर पाठ की महाअर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

दिगम्बर जैन महिला महासमिति संभाग मंदसौर द्वारा शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर आचार्य भगवन 108 आचार्य विद्यासागर जी महाराज की जन्मजयंती, नवगत आचार्य समय 108 आचार्य समयसागर जी एवं गणिनि प्रमुख आयिका 105 ज्ञानमति माताजी के अवतरण दिवस पर 108 मुनि श्री। शुद्धसागर ससंघ के सानिध्य मे संत निवास सम्मति कुंज नाकोड़ा नगर मंदसौर पर 48 दीपकों से भक्तामर पाठ की महाअर्चना की गई।

महिला महासमिति अध्यक्ष किरण महावीर रावका ने बताया कि 48 दीपकों से भक्तामर पाठ की महाअर्चना का जैन धर्म में विशेष महत्त्व बताया गया है, इसे करने से व्यक्ति के सभी पापों का नाश होता है। इस महाअर्चना में समाज के सभी पुरुष, महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के पश्चात प्रभावना वितरित की गई। घी बाती लाभार्थी विनीता सुशील मेहता थीं। इसके साथ ही प्रभावना लाभार्थी महासमिति परम संरक्षक अंगुर बाला गांधी, सुनीता प्रदीप पहाड़िया, चंद्रप्रभा जी जैन, संध्या अंकित पांड्या एवं शेलजा चौधरी रहीं। महासमिति इन सभी लाभार्थियों की बहुत-बहुत अनुमोदना करती है।

इस धार्मिक आयोजन में महासमिति सदस्य अमिता मोदी, साधना पाटनी , कल्पना जैन, सुनिला जैन (बनी वाले), अनिता जैन, पद्मा जैन, कांता जैन, साधना जैन, सीमा पोरवाल, पूर्णिमा दोसी, शीला भानमलजी जैन, नीतू विनायक, पुष्पा विनायक, सुशीला जैन, लक्ष्मी जैन, पुखराज जैन, संध्या जैन, समता जैन, प्रीति जैन, ज्योति मिण्डा, मोनिका जैन आदि उपस्थित थे। हिंदी, संस्कृत के पाठ बोलने में अरुण हरसोला, चेतना विनायक का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में आभार महासमिति सचिव संध्या पांड्या ने माना।

पुरुष, महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

जनसुनवाई में 67 आवेदन आए, निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में संपन्न हुई। इस दौरान 67 आवेदन प्राप्त हुए कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को आवेदनों के निराकरण के लिए निर्देशित किया।

ग्राम बापच्या निवासी भेरूलाल ने आरसीसी एवं नाली सुधारने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर सीईओ जनपद सीतामऊ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। मंदसौर निवासी मुकेश ने सार्वजनीक गली में अवैध निमार्ण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर सीएमओ नगर पालिका मंदसौर को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। करनालीखेड़ा निवासी किशनलाल ने कृषि भूमि का कब्जा दिलवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार सितामऊ को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में भूमि से आवासीस पट्टा जारी करवाने, संबल योजना का लाभ दिलवाने, आर्थिक सहायता दिलवाने, मनरेगा के अंतर्गत कपिल धारा कूप निर्माण करवाने, भूअधिकार योजना का लाभ दिलवाने, रास्ता खुलवाने, खसरा नकल में नाम दर्ज करवाने, शासकीय रास्ता खुलवाने व संत रवीदास योजना का लाभ दिलवाने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

जिले में कार्बाइड गन प्रतिबंधित, कलेक्टर द्वारा आदेश जारी





मंदसौर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिव्यांक सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए मंदसौर जिले की सीमा में कार्बाइड गन एवं अन्य पदार्थों का उपयोग कर विस्फोट अथवा तीव्र ध्वनि उत्पन्न करने के उद्देश्य से निर्मित इसी प्रकार से अन्य अवैध उपकरणों के निर्माण भंडारण क्रय विक्रय वितरण प्रदर्शन एवं उपयोग को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। उक्त आदेश आम नागरिकों के जीवन स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तथा लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जिले के सभी अनुविभागीय, दंडाधिकारी अनुविभागीय अधिकारी, पुलिस कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्राधिकार में उक्त आदेश का पालन सुनिश्चित करवाएंगे। प्रतिबंधित उपकरणों के निर्माण भंडारण क्रय विक्रय वितरण अथवा उपयोग की जानकारी प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे किसी भी व्यक्ति को प्रतिबंधित उपकरणों के निर्माण भंडारण क्रय विक्रय वितरण अथवा उपयोग के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर वह इसकी सूचना निकटतम पुलिस थाने अथवा पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर को तत्काल उपलब्ध कराए पुलिस अधीक्षक मंदसौर प्राप्त सूचनाओं पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे आदेश के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।